दिनांक 26.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ भगवान गणेश प्रतिमा के विसर्जन पश्चात् तालाबों में फैले प्रतिमा अवशेष तथा अन्य पुजा सामाग्री की सफाई का कार्य निगम क्षेत्र के चिन्हित 13 तालाबों में किया जा रहा हैं। आयुक्त एस0के0सुंदरानी के निर्देश पर क्षेत्र के तालाबों को गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तैयार किया गया था। जहां शहर के सभी छोटे व बडे गणेश प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया । विर्सजन पश्चात् तालाबों में प्रतिमाओं के अवशेष तथा पुजन सामाग्री से अटा पडा था जिसे जोन के स्वास्थ अमला ने साफ किया। चिन्हित तालाबों स्मृति नगर तालाब, खम्हरिया आलाबंद तालाब, कोहका आर्यानगर स्थित तालाब, भेलवा तालाब, सुन्दर नगर लिमहा तालाब, आमा तालाब, कुरुद, दर्री तालाब, घासीदास नगर तालाब, केम्प–01 तालाब, दर्री तालाब, जयंती स्टेडियम के पीछे तालाब, रिसाली हिन्द नगर तालाब, नेवई डेम के अन्दर प्रतिमाओं के अवशेष को भी निकाला गया है। जिसमें 10–10 कर्मचारियों की टीम लगी हुई है। वही आयुक्त के निर्देशानुसार शहर के मार्केट क्षेत्रो में तीन पाली में सफाई का कार्य किया जा रहा है। नगर के व्यवसायिक स्थलो पर सफाई कार्य में जोनवार कर्मचारी लगाये गये है।

जन सम्पर्क अधिकारी